an>

Title: Need to provide employment on compassionate ground to dependants of employees of State Bank of India, Ghatampur, Kanpur city, Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर) ः मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर नगर के घाटमपुर में हुई मार्ग दुर्घटना में मारे गये 7 बैंक कर्मचारियों के परिवारों को आ रही असुविधाओं की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ।

दिनांक 08 नवम्बर, 2016 का ऐतिहासिक दिन कोई भूल नहीं सकता। इस दिन अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ एवं भ्रष्टाचार मुक्त एवं नव भारत के निर्माण हेतु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा नोटबंदी का निर्णय लिया गया था वह अतुलनीय है। नोटबंदी में सबसे मददगार बैंक कर्मचारी रहे, जिन्होंने रात-दिन की मेहनत से किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न नहीं होने दी। उसी दौरान दिनांक 09.11.2016 को जनपद कानपुर नगर में स्थित घाटमपुर की भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के सभी कर्मचारी एवं शाखा प्रबंधक एक ही वाहन पर सवार होकर अपने घरों को लौट रहे थे, जिनकी बिधनू के बिंगनवां ट्रीटमेंट प्लांट के पास कंटेनर की टक्कर से सभी सातों अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मृत्यु हो गई थी। बैंक कर्मियों की मृत्यु के उपरांत उनके परिवारों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है, जिसके चलते मृतकों के परिवारजनों ने परिवार के किसी भी एक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर मृतकों के आश्रितों को नौकरी दिलाये जाने की मांग की है। दुःख की इस घड़ी में पहले तो वरिष्ठ बैंक अधिकारियों ने इसे आम दुर्घटना बताकर अपना पल्ला झाड़ने का प्रयास किया। इसके उपरांत मृतकों के परिवारों ने इस संबंध में कई बार पत्राचार एवं भेंट कर अपनी व्यथा सुनाई, जिस पर बाद में बैंक अधिकारियों द्वारा उन्हें एक मुश्त अनुकंपा राशि प्रदान किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जबकि मृतकों के परिवारजनों ने संपूर्ण जीवन के भरण-पोषण हेतु सेवायोजना में शामिल किये जाने हेतु आग्रह किया जोकि न्यायोचित प्रतीत होता है।

अतः सरकार से निवेदन है कि मृतकों के परिवार के अन्धकारमय जीवन को ध्यान में रखते हुए परिवार के किसी भी एक सदस्य को योग्यतानुसार अनुकंपा के आधार पर नौकरी दिलाये जाने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश /निर्देश निर्गत करने की कृपा करें जिससे मृतकों के परिवारों को राहत मिल सके।